(i) Printed Pages: 3]

(ii) Questions : 6]

Roll No. ....

Sub. Code : | 0 | 5 | 0 | 7 |

Exam. Code : | 0 | 0 | 0 | 6 |

B.A./B.Sc. (General) 6th Semester Examination

1047

HINDI
(Elective)

Time : 3 Hours] [Max. Marks : 90

नोट :– सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं।

1. (क) निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए :

जब तक पति रहते उनका मन और भी मुर्झाया हुआ रहता, क्योंकि पति के व्यवहार का अंकुश उनके रोज़मर्रा के जीवन की अबाध गति से बहती स्वच्छन्द धारा को कुंठित कर देता है। उस समय उनका घूमना-फिरना, मिलना-जुलना बंद हो जाता।

www.questionpaperresult.com

Scanned by CamScanner

अथवा

रंगों पर उसके प्राण जाते ही थे, उस पर मैंने गुड़ियों और खिलौनों से दूर अकेले बैठे-बैठे अपने नन्हें हाथों से उसके लिए उतनी लंबी-चौड़ी ओढ़नी काढ़ी थी। आश्चर्य नहीं कि वह क्षण भर के लिए अपनी उस स्थिति को भूल गई, जिसमें ऐसे रंगीन वस्त्र वर्जित थे और नए खिलौने से प्रसन्न बालिका के समान, एक बेसुधपन में उसे ओढ़ मेरी ठुड्डी पकड़कर खिलखिला पड़ी। 6

(ख) 'सदाचार का तावीज़' पाठ में व्यंग्यात्मकता का सुन्दर निर्वाह हुआ है। सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

अथवा

'चीफ की दावत' मध्यवर्गीय मानसिकता और बदलते संबंधों की कहानी है। स्पष्ट कीजिए। 10

2. किन्हीं **दो** विधाओं के उद्भव और विकास पर प्रकाश डालिए : कहानी, निबंध, जीवनी, रेखाचित्र। 2×12=24

3. किसी **एक** विषय पर निबंध लिखिए :

(i) मेरी प्रिय पुस्तक

(ii) हिन्दी साहित्य में प्रकृति-चित्रण

www.questionpaperesult.com

Scanned by CamScanner

(iii) समाज-सुधारक : कबीरदास

(iv) पर्यावरण संकट : किसकी जवाबदेही ?

(v) युवा-वर्ग : दशा और दिशा

(vi) निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल

(vii) भ्रष्टाचार : कारण और निवारण

(viii) विज्ञापनों से घिरे हम सब 20

4. निम्नलिखित छंदों में से किन्हीं **तीन** के लक्षण सोदाहरण लिखिए व स्पष्टीकरण भी दीजिए :

दोहा, चौपाई, कुण्डलियाँ, द्रुतविलम्बित, उपेन्द्रवज्रा। 3×5=15

5. देवनागरी लिपि के क्रमिक विकास पर प्रकाश डालिए।

अथवा

"गुणों की दृष्टि से देवनागरी लिपि अत्यंत वैज्ञानिक है।" सिद्ध कीजिए। 10

6. नवनिर्मित गृह में प्रवेश के लिए निमंत्रण-पत्र का प्रारूप लिखिए।

अथवा

दुकान पर काम करने के लिए लड़के की आवश्यकता संबंधी विज्ञापन का प्रारूप तैयार कीजिए। 5

www.questionpaperesult.com

Scanned by CamScanner